**डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय**
**DR. HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA**
**(केन्द्रीय विश्वविद्यालय / A Central University)**
**प्रवेश प्रकोष्ठ Admission Cell**

admission@dhsgsu.edu.in
(Ph.) 07582-297123
SAGAR–470003 (M.P.) INDIA

क्रमांक / प्रवेश प्रकोष्ठ / 2025–26 / 1390 सागर, दिनांक 16.07.2025

# स्नातक पाठ्यक्रमों (Graduate Courses) (सत्र 2025–26) में प्रवेश हेतु सूचना

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों (Graduate Courses) (सत्र 2025–26) में प्रवेश लेने हेतु समर्थ पोर्टल (Samarth Portal) पर पंजीयन दिनांक 15.07.2025 को खुल गया है। पंजीयन की अन्तिम तिथि 22.07.2025 (रात्रि 11:59 तक) है। जिन आवेदकों ने नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी (एन.टी.ए.) द्वारा ली गयी प्रवेश परीक्षा (CUET-UG एवं NCET-ITEP) दी है तथा उस परीक्षा के अंक प्राप्त किये है, केवल वे ही आवेदक समर्थ पोर्टल पर प्रवेश हेतु पंजीकरण कराने की पात्रता रखते हैं। ऐसे आवेदक निम्न दी गये लिंक द्वारा अपना पंजीयन समर्थ पोर्टल पर कर सकते हैं:

**CUET-UG में पंजीयन हेतु लिंक** https://dhsgsucuet.samarth.edu.in/

**NCET-ITEP में पंजीयन हेतु लिंक** https://dhsgsucuet.samarth.edu.in/ncet/

(1) प्रवेश पंजीयन पूर्व आवेदक विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.dhsgsu.edu.in पर लगे Guidelines for UG Admission 2025–26 का अवलोकन अवश्य कर लें। अपनी प्रवेश योग्यता (Eligibility), उम्र की सीमा, एवं अन्य प्रकार की अनिवार्य पात्रताओं की स्वयं गहन जांच उपरान्त ही सम्बन्धित प्रोग्राम में प्रवेश हेतु समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करें। रजिस्ट्रेशन में होने वाली त्रुटि के लिए विश्वविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(2) पोर्टल पर पंजीयन शुल्क रुपये 200.00 है जो कि non-refundable है।

(3) ऑफलाइन काउन्सिलिंग विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की जायगी जिसमें भौतिक रूप से उपस्थित होना अनिवार्य होगा। पोर्टल बन्द होने के उपरान्त काउन्सिलिंग का शेड्यूल, मेरिट लिस्ट, कट–आफ लिस्ट एवं अन्य आवश्यक जानकारी जल्द ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायगी।

(4) यदि अपरिहार्य कारणों से आवेदक स्वयं उपस्थित नहीं होता है तब वह अपना प्रतिनिधि अपने मूल दस्तावेजों के साथ काउन्सिलिंग में भेज सकता है।

(5) काउन्सिलिंग में विलम्ब से पहुचने पर प्रवेश प्रकिया से वंचित होना पड़ सकता है। इसकी जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।

(6) विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की बेवसाईट www.dhsgsu.edu.in का निरंतर अवलोकन करते रहें अथवा प्रवेश प्रकोष्ठ के दूरभाष संख्या 07582–297123 एवं इमेल admission@dhsgsu.edu.in द्वारा सम्पर्क करें।

D Shukla 16/7/25

(प्रो. दिवाकर शुक्ला)
मुख्य समन्वयक, प्रवेश प्रकोष्ठ
डॉ. हरीसिंह गौर वि.वि., सागर (म.प्र.)

Coordinator
Admission Cell